लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1081
22 नवंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र पार्क

1081. डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर:
श्री बी.एन. बचेगौडाः
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय जयललिता ने पेरम्बलूर में वस्त्र पार्क की स्थापना की घोषणा की थी, परन्तु इस वादे को अभी तक पूरा नहीं किया गया है;

(ख) क्या सरकार पेरम्बलूर में उक्त वस्त्र पार्क की स्थापना हेतु तमिलनाडु सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी या इसकी स्थापना हेतु आवश्यक प्रयास करेगी;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में मेगा वस्त्र पार्कों की स्थापना करने का है; और

(घ) यदि हां, तो देश में मेगा वस्त्र पार्कों की स्थापना हेतु प्रस्तावित स्थानों/राज्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ख): सरकार एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) को कार्यान्वित कर रही है जो प्रत्येक पार्क हेतु 40 करोड़ रुपए की सीमा सहित परियोजना लागत के 40% तक भारत सरकार के अनुदान से वस्त्र इकाइयों की स्थापना के लिए विश्व स्तरीय अवंसरचना निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है। यह योजना मांग आधारित योजना है। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार में पेराम्बलूर, तमिलनाडु में वस्त्र पार्क स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ग) से (घ): मेगा वस्त्र पार्कों की संकल्पना विचार-विमर्श के स्तर पर है।

*****